2013

HINDI

(Major)

Paper : 1.1

(Hindi Sahitya Ka Itihas : Adikal Aur Bhaktikal)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल-विभाजन करने वाले प्रथम इतिहासकार कौन हैं?

(ख) "उत्तर-अपभ्रंश ही पुरानी हिन्दी है।" यह घोषणा किसकी है?

(ग) 'पउम चरिउ' किसने लिखा है?

(घ) आदिकालीन किस साहित्य के अन्तर्गत सरहपा का नाम उल्लेखनीय है?

(ङ) 'सन्देशरासक' के रचयिता का नाम क्या है?

(च) आलवार सम्प्रदाय का उद्भव कहाँ हुआ था?

(छ) रामानन्द का नाम किस सगुण भक्ति-शाखा में चर्चित है?

(ज) कबीर की काव्य-रचनाएँ किस नाम से संगृहीत हैं?

(झ) जायसी का पूरा नाम क्या है? मलिक मुहम्मद जायसी

(ञ) सूरदास के गुरु कौन थे?

2. अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) अमीर खुसरो की काव्य-रचनाएँ किन नामों से प्रसिद्ध हैं?

(ख) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार चार साहित्यिक अपभ्रंश की कृतियाँ हैं। इनमें से किन्हीं दो के नाम लिखिए।

(ग) सधुक्कड़ी भाषा के प्रयोग की बात किस प्रसंग में आती है?

(घ) 'अष्टछाप' की स्थापना किसने की थी? 'अष्टछाप' के किसी एक (सूरदास से भिन्न) कवि का नाम बताइए। कुंभनदास

(ङ) मसनवी शैली क्या है?

3. किन्हीं **चार** प्रश्नों का संक्षेप में उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) परवर्ती प्रभाव की दृष्टि से आदिकालीन अपभ्रंश के एक प्रमुख कवि पर प्रकाश डालिए।

(ख) नाथ साहित्य में गोरखनाथ की भूमिका के बारे में विचार व्यक्त कीजिए।

(ग) 'रासक' और 'रासो' में क्या अन्तर है?

(घ) 'ढोला-मारू रा दूहा' किस कोटि की आदिकालीन कृति है?

(ङ) सगुण रामभक्ति धारा की दो विशेषताएँ रेखांकित कीजिए।

(च) आचार्य रामचन्द्र शुक्लजी के अनुसार भक्ति-साहित्य की उद्‌भव सम्बन्धी क्या मान्यता है?

(छ) किस सगुण भक्ति धारा ने जनमानस को अधिकतम आप्लावित किया है? सतर्क उत्तर दीजिए।

(ज) भक्तिकालीन नीतिकाव्य पर टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

4. आदिकाल के नामकरण के सन्दर्भ में व्यक्त विभिन्न विद्वानों के विचारों का विवेचन कीजिए। 10

अथवा

आदिकालीन राजनैतिक एवं धार्मिक परिस्थितियों का एक लेखा-जोखा प्रस्तुत कीजिए।

5. रासो काव्य-परम्परा पर सम्यक् प्रकाश डालिए। 10

अथवा

आदिकालीन साहित्य की उपलब्धियों का आकलन कीजिए।

6. भक्ति-आन्दोलन का उद्‌भव और विकास कैसे हुआ? विभिन्न प्रेरणा-स्रोतों के आधार पर इसका विवेचन कीजिए। 10

अथवा

रामभक्ति काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

7. प्रेमाश्रयी और ज्ञानाश्रयी काव्यधाराओं के साम्य-वैषम्य को रेखांकित कीजिए। 10

अथवा

"भक्तिकाल हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

* * *